भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2668

दिनांक 07.08.2024 को उत्तर देने के लिए

भारत गोल्ड माइन्स का बंद होना

†2668. श्री एम. मल्लेश बाबू:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मार्च, 2001 में कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड्स में भारत गोल्ड माइन्स के बंद होने के बाद से जिन श्रमिकों को कोई वेतन नहीं दिया गया है उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बीजीएमएल के बंद होने के बाद ऐसे कर्मचारियों और उनके मृतक परिवारों को सेवानिवृत्ति लाभ देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा आज तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार ने ऐसे श्रमिकों को वैकल्पिक रोजगार तलाशने में सक्षम बनाने के लिए अंतरिम उपाय के रूप में अनुग्रह राशि देने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): जब भारत गोल्ड माइंस (बीजीएमएल) के प्रचालन आर्थिक रूप से अलाभकारी हो गए तो मार्च, 2001 में इसके प्रचालन बंद कर दिए गए। कंपनी के बंद होने के समय कार्यरत सभी 3580 कर्मचारियों को विशेष सेवांत हित लाभ पैकेज (एसटीबीपी) देकर छंटनी कर दी गई तथा कर्मचारियों के सभी बकायों/सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान/निपटान कर दिया गया है।

(घ) और (ङ): उपर्युक्त [(क) से (ग)] में दिए गए उत्तर के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठता।

*****